पशुचिकित्सकों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में दिनांक 15.07.2019 को पशुचिकित्सा में स्नातक उपाधि प्राप्त करने के उपरांत आज छात्र–छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. एस.एन.एस. परमार, अधिष्ठाता संकाय थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा ने की। पशुचिकित्सा के क्षेत्र में पूर्ण निष्ठा, आर्थिक सुचिता एवं वैज्ञानिक पद्धति से पशुओं के उपचार करने हेतु 63 उत्तीर्ण स्नातक छात्र–छात्राओं ने शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर इंटर्नशिप प्रभारी डॉ. सत्यनिधि शुक्ला ने छः माह की इंटर्नशिप अवधि की विभिन्न ईकाईयों में ट्रेनिंग की उपलब्धियां प्रस्तुत की। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा ने नये पशुचिकित्सकों को पूर्ण निष्ठा एवं लगन के साथ पशुपालकों के कल्याण एवं प्रदेश की समृद्धि में अपना योगदान देने हेतु आग्रह किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. परमार ने पशुचिकित्सकों को सतत् अपडेट एवं अपग्रेड रहने हेतु तथा पशुचिकित्सा का क्षेत्र में नित नये नवाचार करने हेतु आग्रह किया। इस अवसर पर इंटर्नशिप के सभी छात्रों की डायरी का विमोचन किया गया साथ –साथ डिण्डोरी जिले में नयें पशुचिकित्सकों द्वारा गलघोटू बीमारी के टीकाकरण एवं उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर डॉ. सुनील नायक, डॉ. अपरा शाही, डॉ. गिरिधारी दास उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आदित्य मिश्रा एवं आभार प्रर्दशन डॉ. देवेन्द्र गुप्ता ने किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर